हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

पंचमी भेंट की अनूठी परंपरा: मां बम्लेश्वरी और आंगा देव का मिलन, श्रद्धालुओं की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में नवरात्र की पंचमी पर आस्था, परंपरा और आदिवासी संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्वप्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी धाम में राजपरिवार की अगुवाई में आदिवासी समाज ने पारंपरिक पंचमी भेंट की रस्म निभाई। इस दौरान मां बम्लेश्वरी देवी और आंगा देव का मिलन कराया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। खास बात यह रही कि पिछले कुछ समय से पंचमी भेंट को लेकर बने तनावपूर्ण स्थिति के बीच इस बार मंदिर ट्रस्ट समिति, राजपरिवार, आदिवासी समाज और प्रशासन की मौजूदगी में आयोजन संपन्न हुआ। आखिर क्या है, पंचमी भेंट की परंपरा और क्यों खास है यह आयोजन?

आस्था और परंपरा का संगम छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली पंचमी भेंट की परंपरा एक बार फिर डोंगरगढ़ में जीवंत होती नजर आई। मां बम्लेश्वरी के दरबार में आयोजित इस पारंपरिक रस्म में आदिवासी समाज की आस्था, लोक मान्यताओं और वर्षों पुरानी परंपराओं की झलक देखने को मिली। राजपरिवार की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगा देव और मां बम्लेश्वरी देवी के मिलन की परंपरा निभाई गई। मान्यता है कि इस परंपरा के माध्यम से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है।

राजपरिवार की अगुवाई में आदिवासी समाज ने पंचमी भेंट की परंपरा निभाई

परंपरा पीछे राजपरिवार की भूमिका

पंचमी भेंट केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि डोंगरगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी परंपरा भी है। इस आयोजन में राजपरिवार की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। परंपरा के निर्वहन के साथ आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक आस्था को भी विशेष महत्व दिया जाता है। इस बार आयोजन को लेकर सभी पक्षों के बीच समन्वय स्थापित होने के बाद पंचमी भेंट की रस्म संपन्न हुई। ऐसे में राजपरिवार की ओर से इस परंपरा, उसके महत्व और आयोजन से जुड़े पहलुओं पर क्या कहा गया।



नई पीढ़ी तक पहुंच रही लोक संस्कृति की अनमोल धरोहर

डोंगरगढ़ की पंचमी भेंट ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि परंपराएं केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली सांस्कृतिक धरोहर भी है। आस्था, आदिवासी संस्कृति और राजपरिवार की परंपरा से जुड़ा यह आयोजन आपसी संवाद और समन्वय के साथ संपन्न हुआ। मां बम्लेश्वरी के दरबार में आंगा देव के मिलन की यह परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है।

समन्वय से बनी सहमति

प्रशासन की मौजूदगी में आयोजन पिछले कुछ समय से पंचमी भेंट को लेकर तनाव और मतभेद की स्थिति सामने आने के बाद इस बार आयोजन को लेकर प्रशासन की भूमिका भी अहम रही। मंदिर ट्रस्ट समिति, राजपरिवार और आदिवासी समाज के बीच समन्वय के साथ प्रशासन की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजनों में शांति, आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे में आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं और प्रशासनिक भूमिका को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने भी अपनी बात रखी।

नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

संगठन को भनक तक नहीं, निजी संस्था के लिए करोड़ों की घोषणा का आरोप, डोंगरगांव-मुसरा मंडल ने जिला व प्रदेश संगठन से की शिकायत

कांग्रेस विधायक के फार्म हाउस पहुंचे मंत्री, घोषणाओं पर भाजपा में बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि एवं आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम के कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा स्थित फार्म हाउस पहुंचने और वहां की गई घोषणाओं को लेकर भाजपा संगठन में नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। भाजपा नेताओं ने मंत्री के दौरे की जानकारी संगठन को नहीं दिए जाने पर सवाल उठाते जिला और प्रदेश संगठन से शिकायत की है। नेताओं का आरोप है कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर दौरे पर पहुंचे मंत्री ने कांग्रेस विधायक की निजी संस्था के लिए करोड़ों रुपए की घोषणा कर दी। जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय संगठन को इसकी जानकारी तक नहीं थी। जानकारी के अनुसार मंत्री रामविचार नेताम गुरुवार को डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के बाद डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा स्थित फार्म हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ सरपंचों के साथ संगोष्ठी की। इसी दौरान विधायक के फार्म हाउस में लीफ एनालिसिस मशीन लगाने की घोषणा की गई। इसके अलावा भी कुछ अन्य घोषणाएं किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके बाद मंत्री एक कांग्रेस नेता के साथ चिद्दो गांव पहुंचे। यहां उन्होंने एक किसान के खेत में पहुंचकर फसल की स्थिति और उत्पादन की जानकारी ली।



आवेदन दिया तो लौटा दिया

भाजपा नेताओं द्वारा संगठन को की गई शिकायत में कहा गया है कि मंत्री के चिद्दो पहुंचने पर सरपंच और भाजपा नेताओं ने गांव के विकास से जुड़े कार्यों के लिए आवेदन सौंपने का प्रयास किया। आरोप है कि मंत्री ने आवेदन यह कहते हुए वापस कर दिया कि वे केवल फसल देखने आए हैं। इस घटनाक्रम से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई।

मंत्री ने दिया आश्वासन

विधानसभा में बहस के दौरान मंत्री ने किसान उत्पादक समूह के कामकाज को देखने का वादा किया था। वे कल यहां आए और किसानो से मुलाकात कर न सिर्फ फसल को देखा बल्कि उनकी दिक्कतों और समस्याओं को भी सुना। मंत्री ने किसानो को आश्वासन दिया है।

- दलेश्वर साहू, विधायक

संगठन को जानकारी नहीं

मंत्री के दौरे को लेकर सबसे बड़ा सवाल भाजपा संगठन की ओर से उठाया गया है। डोंगरगांव और मुसरा भाजपा मंडल के नेताओं ने जिला एवं प्रदेश संगठन से शिकायत करते कहा है कि मंत्री के कार्यक्रम की उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनाव के दौरान पार्टी के लिए वे पूरी ताकत से काम करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद स्थानीय संगठन और कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

न मुझे पता था, न संगठन को

कृषि मंत्री के दौरे की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। भाजपा संगठन को भी इसकी सूचना नहीं थी। इस पूरे मामले की जानकारी प्रदेश संगठन को दे दी गई है।

- दिनेश गांधी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत

निजी संस्था को लाभ देना अनुचित

मंत्री के दौरे की जानकारी संगठन को नहीं मिली थी। कांग्रेस विधायक की निजी संस्था के लिए राशि की घोषणा की गई है, जो पूरी तरह अनुचित है। इस मामले की शिकायत प्रदेश संगठन से की जाएगी।

- भरत वर्मा, उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक

मेला देखने जा रहे बाइक सवार की दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवरात्र मेला देखने के लिए बाइक में सवार होकर जा रहे युवक को एक बोलेरो वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक को गंभीर चोंट आई और उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हितागुटा निवासी हेमप्रकाश पटेल उम्र लगभग 26 वर्ष 15 अक्टूबर को रात्रि में बाइक में सवार होकर नवरात्र मेला देखने के लिए अपने गांव से अंबागढ़ चौकी जाने के लिए निकला हुआ था। वह सांगली मोड मेन रोड के पास पहुंचा ही था। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते बाइक सवार को ठोकर मार दिया।

गंभीर चोंटे आई थी

पुलिस के अनुसार उक्त दुर्घटना में बाइक सवार हेमप्रकाश पटेल को गंभीर चोंटे आई थी, जिसे उपचार हेतु 112 वाहन में शासकीय चिकित्सालय अंबागढ़ चौकी ले जाया गया, जहां चेक करने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस घटना की खबर से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

जगमग रोशनी से सजा माई का दरबार



पेंडरी में सत्संग भजन प्रवचन 18 को

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में स्थित सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में जिला चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा आगामी 18 अक्टूबर को अध्यात्मिक दिव्य सत्संग भजन प्रवचन का आयोजन रखा गया है।

इस आयोजन में सदगुरु कबीर धर्म गुरुजनों के साथ बौद्ध धम्मगुरु पूज्य भंते बुद्धपाल जिला सिवनी मध्यप्रदेश से अपने श्रामनेर संघ के साथ पधारकर सदगुरु कबीर जीवन दर्शन पर अपने सारगर्भित विचार रखेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से बौद्ध धम्मगुरुजनों के स्वागत सम्मान के साथ किया जाएगा। तत्पश्चात अध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन करेंगे। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

छात्राओं ने किया थाना का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



सामाजिक सहभागिता एवं बालिका सुरक्षा के उद्देश्य से बाल संरक्षण आयोग के सहयोग से छात्राओं ने थाना का भ्रमण किया। इस दौरान बाल संरक्षण एवं गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक किया गया।

सामाजिक सहभागिता एवं बालिका सुरक्षा के उद्देश्य से बाल संरक्षण आयोग के सहयोग से कन्या शाला दिलीपपुर की छात्राओं को थाना खैरागढ़ का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, थाना की विभिन्न शाखाओं एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

आवश्यक जानकारी दी

छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना संकोच विश्वसनीय व्यक्ति, अभिभावक अथवा पुलिस को सूचित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

गौवंश मामले को लेकर आक्रोश, नारेबाजी

राजनांदगांव। शहर के गौरी नगर क्षेत्र में गत दिवस गौवंश का कटा सर मिलने की घटना के बाद सनसनी फैल गई थी।

इस मामले को लेकर आज पुनः देर शाम गौरी नगर क्षेत्र के लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। क्षेत्र के लोग मोहल्ले से नारेबाजी करते हुए कोतवाली थाना के पास पहुंचे। थोड़ी देर बाद पुराना बस स्टैण्ड सर्विस लेन में एकत्र होकर चक्का जाम की स्थिति निर्मित कर दिए थे। मौके पर पुलिस अधिकारी समझाईश का प्रयास करते रहे। ज्ञात हो कि शहर के गौरी नगर क्षेत्र में गौवंश का कटा सर गत दिवस मिलने का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर हिन्दू संगठनों द्वारा आक्रोश व्याप्त करते हुए इस मामले से जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया गया था। बताया जाता है कि इस मामले में गौरी नगर क्षेत्र के एक घर में रहने वाले संदिग्ध आरोपी की पहचान की गई है। बताया जाता है कि संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उचित कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

अवैध रूप से शराब बिक्री आठ आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में छुईखदान और गंडई पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में 8 आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, परिवहन और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर जिला पुलिस बल द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना छुईखदान और थाना गंडई की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मुस्तैदी के साथ बड़ी कार्रवाई की है।

अवैध कारोबारियों में कार्रवाई से हडकंप

इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान दोनों थानों के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने एक्शन मोड में काम किया। पुलिस की इस घेराबंदी से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार संयुक्त टीम द्वारा की गई इस प्रभावी कार्रवाई में एक ही दिन में कुल 8 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।




आदर्श चौक चिद्दो


जनमानस सरस्वती उत्सव समिति भरदा


जय शारदा समिति चेन्दरीबन नवागांव


नव दुर्गा उत्सव समिति कन्याडबरी


नवजोत दुर्गा उत्सव समिति धनडोंगरी


मशीन पारा चौक


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मुरमुंदा

खबर संक्षेप

सांगिनकछार में छत्तीसगढ़ी नाच आज

कोकपुर। ग्राम सांगिनकछार में नव दुर्गा उत्सव समिति स्कूल चौक एवं ग्रामवासियों ने कल 17 अक्टूबर को मां अम्बे की खोज छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी हज्जूटोला का कार्यक्रम रखा है। समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिन्हा, पुरषोत्तम यादव, तुलेश वर्मा, गणेश्वर सिन्हा ने आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आग्रह किया है।

व्याख्याता पाठक का सम्मान

जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक को संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार शिक्षा श्री से सम्मानित किया गया। खालसा स्कूल दुर्ग में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। अध्यक्षता संयुक्त संचालक केव्ही राव ने की। विशेष अतिथि कमलेश फेकर, महेंद्र लोढ़ा, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर, अभय जायसवाल थे। श्री पाठक को श्रीफल, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए पूर्व प्राचार्य आरके देवांगन, जनपद सभापति टूमन साहू, सरपंच गंगोत्री ठाकुर, दीप्ति साहू, ओमदास सार्वा, पीएल शर्मा, आरती देवांगन, थंगेश्वर साहू, धर्मेंद्र श्रवण, डॉ बीएल साहसी, एनुका सार्वा, निर्मल दुबे ने बधाई दी है।

ग्रैंड फिनाले के लिए लक्षिता चयनित

डोंगरगढ़। नगर की 13 वर्षीय लक्षिता राठी का जूनियर मिस इंडिया सेशन 5 के ग्रैंड फिनाले के लिए चयन हुआ है। वह राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगी। जूनियर मिस इंडिया का राज्य स्तरीय ऑडिशन गत दिनों नवा रायपुर के सेरीखेड़ी में आयोजित हुआ जिसमें लगभग 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच लक्षिता ने अपनी आयु वर्ग में शीर्ष चयन हासिल कर निर्णायकों को प्रभावित किया और ग्रैंड फिनाले में अपनी जगह सुनिश्चित की। निर्णायक रिया अरोड़ा, डॉ. मनमीत जग्गी तथा स्वाति गुप्ता थी। जूनिया मिस इंडिया सेशन 5 का ग्रैंड फिनाले इंदौर में आयोजित होगा, जहां लक्षिता अन्य प्रतिभागियों के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी। उनके चयन से परिवार, खालसा विद्यालय में खुशी का माहौल है। लक्षिता की सफलता उन बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक है जो पढ़ाई के साथ खेल, कला और अन्य गतिविधियों



न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में
मामला क्रमांक : 202610090200025
मामले की श्रेणी : राजस्व
विषय:-ब-121 सत्र:-2026-2027
छुरियाकला प.ह.न. 00020 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - **सुप्रिया चंद्राकर,**
अनावेदक पक्षकार - **छ.ग. शासन**

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति सुप्रिया चन्द्राकर पति श्री लोकेश कुमार चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी वार्ड क्रमांक 11 बंजारी रोड नगर पंचायत छुरिया तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव के द्वारा कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान राजस्व रिकार्ड में शासकीय दर्ज आबादी भूमि के अंतर्गत खसरा क्रमांक 476 में से कुल रकबा 2494 वर्गफीट भूमि पर आवेदक का पुराना निर्वाद एवं शांति पूर्ण आवासीय कब्जा है। वर्तमान में उक्त भूमि का राजस्व रिकार्ड में केवल मूल खसरा ही परिलक्षित होता है। जिसका पृथक किश्त बंदी खतौनी बी-1 रिकार्ड उपलब्ध नहीं है और न ही पूर्व में इसका कोई स्वतंत्र नक्शा बटांकन और न नक्शा विभाजन किया गया है। राज्य सरकार द्वारा दिनांक 22 सितंबर 2025 को छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता संशोधन अधिनियम 2025 (क्रमांक 31 सन 2025) का ऐतिहासिक राजपत्र अधिसूचित किया गया है। उक्त अधिनियम की संसोधित धारा के प्रावधानों अंतर्गत शासकीय आबादी भूमि के स्वतंत्र व्यवस्थापन के उपरांत भू संदर्भित मानचित्रों के माध्यम से डिजिटल नक्शा बटांकन एवं बी-1 अभिलेख स्वतः जनरेट करने का स्पष्ट विधिक निर्देश है। उक्त संसोधित अधिनियम की धारा 70 के परन्तुक के अनुरूप आवेदिका का काबिज आबादी भू-खण्ड निर्धारित नियमतम विधिक सीमा 0.05 डिसमिल के नियमों के पूर्णतः अनुकूल एवं पात्र है। आवेदिका शासन द्वारा वर्ष 2026 में प्रचलित आबादी के तहत निर्धारित गाइड लाइन दरों पर आधारित संपूर्ण आवश्यक व्यवस्थापन शुल्क प्रव्याजि एवं भू भाटक की राशि शासकीय कोष चालान के माध्यम से पूर्णतः तैयार हैं। आवेदिका द्वारा वर्तमान संशोधित राज पत्रित नियमों के परिप्रेक्ष्य में आवेदिका के उक्त काबिज आबादी भूमि का स्थल सीमांकन करा कर निर्धारित शासकीय शुल्क का चालान जारी करने एवं शुल्क जमा उपरांत आवेदिका के पक्ष में भू स्वामित्व अधिकार (रजिस्ट्री/पट्टा) जारी कर डिजिटल नक्शा बटांकन एवं बी-1 ऋण पुस्तिका रिकार्ड भूंइया पोर्टल पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, खसरा नक्शा, पी-2 व अन्य दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 22-10-2026 को स्वयं वकील/ आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/10/2026 को जारी किया जाता है।

मोहर (Aakanksha Sahu)
तहसीलदार, तहसील-छुरिया

तीन ब्लॉक के हजारों हितग्राही महीनों से काट रहे दफ्तरों के चक्कर

संकट में गरीब हितग्राही, छह माह से विभिन्न पेंशन का भुगतान अटका

परेशान हितग्राहियों में बढ़ रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राही कई महिनों से पेंशन के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे है। पेंशन के भरोसे अपना भरण पोषण करने वाले इन गरीब हितग्राहियों को मई माह से पेंशन नहीं मिल रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के तीनो विकासखंड अंबागढ चौकी, मोहला एवं मानपुर के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को पेंशन राशि के लिए भटकना पड़ रहा है। बताया जाता है कि तकनीकी खामियों के चलते बीत छह माह से पेंशनधारियो के खाते में राशि नहीं आ रही है। समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक अखिलेष तिवारी ने भी माना है कि जिले में विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, सुखद सहारा एवं वृद्धा पेंशन, समाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि मई माह से प्राप्त नहीं हो रही है।



ब्लाक में चार हजार हितग्राही प्रभावित

जानकारी के अनुसार अंबागढ चौकी जनपद क्षेत्र में राष्ट्रीय समाजिक सहायता योजना के हितग्राहियों की संख्या साढे तीन हजार से अधिक है। वहीं निकाय क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की संख्या एक हजार से अधिक है।

भरण पोषण हुआ कठिन

निकाय क्षेत्र की हितग्राही अंकालूराम, मेहतरीनबाई, रमशीलाबाई, सुकवारो, बिसंतीन, आशाबाई, नीलकुंवर, शत्रुहनलाल , जीवनसिंह, बैशाखु, फूलबाई, द्रोपतीबाई ने बताया कि वह छह माह से पेंशन के लिए चक्कर काट रहे हैं। शिकाययतकर्ताओ की माने तो अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं लेकिन उनके खाते में राशि नहीं आ रही है।

एकमुश्त जमा किया जाएगा

समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक अखिलेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सामाजिक सहायता के हितग्राहियों का पेंशन भुगतान मई से अटका है। हिततग्राहियो के खाते में जल्द ही एकमुश्त राशि जमा किया जाएगा।

दिशा समिति की बैठक में उठा मामला

सोमवार को दिशा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने समाज कल्याण विभाग की योजनाओ की समीक्षा के दौरान बताया कि सामाजिक सहायता योजना के हितग्राहियों को 6 माह से पेंशन नहीं मिल रही है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि पेंशन के भरोसे जीवन निर्वाह करने वाले हितग्राहियो को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

---

800 किलो फलों में सजा मां बम्लेश्वरी का गर्भगृह



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र की पंचमी तिथि को 800 किलो फलों से मातारानी का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान माता का दरबार मौसमी फलों की खुशबू से महक उठा। नवरात्रि की पंचमी मां बम्लेश्वरी का अलौकिक और मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसमें लगभग 800 किलो विभिन्न ताजे फलों का उपयोग करते हुए मातारानी के गर्भगृह और दरबार को सजाया गया। गर्भगृह को सेव, संतरा, मौसंबी, अनार, केला, अनानास, पपीता और अंगूर सहित अन्य फलों से कलात्मक ढंग से सजाया गया। रंग-बिरंगे फलों से की गई इस सजावट से मातारानी का स्वरूप अत्यंत दिव्य नजर आया। इस अनूठे स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा अर्चना के बाद इन फलों को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

पूर्व सीएम ने किया दर्शन



नवरात्र की पंचमी तिथि को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने पुष्प भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेष पटिला, भुनेश्वर बघेल, नवाज खान, हरिश भंडारी, थानेश्वर पटिला, विष्णु लोधी, विजयराज चौहान, अनिल गटटानी, निखिल द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

शिक्षक पर शिक्षिका को छेड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- एक माह पहले शिकायत, अब तक जांच समिति गठित नहीं

लाल बहादुर नगर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल की महिला शिक्षिका के साथ कथित छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। इस मामले में प्रभारी प्राचार्य पर शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने और उसे दबाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के करीब एक माह बाद भी जांच समिति गठित नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार गत 21 सितंबर को एबीईओ नितिन हिरवानी तथा बोरतलाव की प्राचार्य वंदना चौरे किसी मामले की जांच करने लाल बहादुर नगर पहुंचे थे। इसी दौरान विद्यालय की एक महिला शिक्षिका ने शिक्षक द्वारा कथित छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार करने की शिकायत की थी।

जांच समिति का गठन नहीं

महिला शिक्षिका ने घटना की जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य को भी दी थी। आरोप है कि शिकायत को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और नियमानुसार कार्रवाई कराने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया गया। मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

प्राचार्य ने जताई अनभिज्ञता

इस संबंध में जब विद्यालय के प्राचार्य कांशीराम चंद्रवंशी से संपर्क किया गया तो उन्होंने प्रकरण की जानकारी नहीं होने की बात कही। वहीं बीईओ श्रीनिवास मिश्रा ने शीघ्र जांच समिति गठित करने का आश्वासन दिया है।

विधायक वर्मा ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन



छुईखदान। स्थानीय मां महामाया मंदिर में आयोजित मानस महोत्सव में विधायक यशोदा वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने शामिल होकर मां महामाया का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा आज जो काम हुआ है वह माता महामाया की कृपा का परिणाम है। उन्होंने ग्राम के विकास के लिए साढ़े छह लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि मां महामाया सिद्धपीठ राजपरिवार की आस्था का केंद्र है। देवी मां महामाया हम सभी की रक्षा करती हैं। छोटे राजा देवराज किशोर दास ने कहा कि मां महामाया की कृपा पूरे क्षेत्र पर बनी है। मानस महोत्सव में शामिल होने पहुंचे अतिथियों ने सर्वप्रथम प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, हेमंत वैष्णव, राजू सिंह, संदीप वैष्णव अनीश जोशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

सालों से पक्की सड़क निर्माण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

सड़क के निर्माण से दूर होगी परेशानी

ग्राम पंचायत गर्रापार के आश्रित ग्राम खोराटोला से रैनूटोला तक लगभग 1300 मीटर डामरीकृत सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक निर्माण की दिशा में पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग के बनने से आलीवारा, देसिंगटोला, लुलीकसा, फगरूटोला, खोराटोला, कोलियरी, गर्रापार, जोशीलमती, केशाल, हर्राटोला, दैहान, मावलीचुवा, पठान ढोडगी, थैलीटोला, रैनूटोला, चौकीटोला, राजाटोला, आमाटोला, बिटाल, दंतर, गुंडरा, सिंघाभेड़ी, हांडीटोला, हुड़ीटोला और कोलिहालमती सहित अन्य गांवों का लाभ मिलेगा।



कच्ची सड़क से परेशानी

ग्रामीणों के अनुसार सड़क का लगभग 1300 मीटर का हिस्सा कच्चा है। बारिश के दौरान रास्ता खराब होने के कारण विद्यार्थियों और राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है। कई बार लोगों को करीब 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। इस मार्ग का उपयोग ग्रामीण पंचायत, जनपद और जिला कार्यालयों के साथ अस्पताल, बाजार जाने आने के लिए करते हैं।

बजट में शामिल करने की मांग

ग्रामीणों ने इस सड़क का डामरीकरण कराने का प्रस्ताव आगामी बजट में शामिल करने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क लंबे समय से क्षेत्र की जरूरत बनी हुई है और इसके निर्माण से कई गांवों के लोगों को सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग इस ओर ध्यान देकर आवश्यक प्रक्रिया शुरू करेगा।

केंद्रीय मंत्री साहू ने की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू धर्मनगरी पहुंचे। यहां उन्होंने मां बम्लेश्वरी मंदिर में माता रानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

उप सचिव ने लिया योजनाओं का जायजा

कलकसा। ग्राम पंचायत मुसरा कला का केन्द्रीय उप सचिव प्रशांत एमएस ने दौरा कर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नवनिर्मित आवासों का निरीक्षण करते हुए लाभार्थी रुपलाल साहू पिता छबीलाल साहू, लोकेश्वर टेम्भुरकर पिता स्व एबी राम टेम्भुरकर को प्रवेश कराया। उन्होंने आवासों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभार्थियों के घर जाकर सोलर पैनल स्थापना का अवलोकन किया। पंचायत द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों का जायजा लिया।

- पंचायत के कार्यों की सराहना



हितग्राहियों को कराया गृहप्रवेश

उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में ग्राम पंचायत के बेहतरीन प्रदर्शन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के उत्कृष्ट कार्य एवं समग्र विकास को देखकर ग्राम पंचायत टीम को बधाई दी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी फैज मेमन, छोटेलाल साहू, जनपद सीईओ भगवती साहू, नेहा सहारे, सरपंच गायत्री टेम्भुरकर, सचिव मोहित साहू, भारती साहू, शिव टेम्भुरकर आदि उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग का आयोजन

नवोदय चयन परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विकासखण्ड मानपुर की प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के पूर्व अभ्यास का अवसर प्रदान करने, बेहतर तैयारी एवं उनका आंकलन करने के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया।

इस शैक्षणिक आयोजन में 210 विद्यार्थियों ने शामिल होकर अपनी तैयारियों को परखा। यह आयोजन बीईओ एआर कौर, एबीईओ अरूण मरकाम तथा स्त्रोत समन्वयक जाहिदा खान के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर सरपंच शकुंतला गावड़े ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का भय, संकोच दूर होने साथ उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना, आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष भी माक टेस्ट का आयोजन किया गया था जिसका लाभ यह हुआ कि 7 बच्चों का नवोदय विद्यालय और लगभग 32 बच्चों का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए हुआ।



प्रतिभाशालियों का सम्मान

मॉक टेस्ट में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले आठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया। रविवार को अवकाश होने के बाद भी नरेंद्र मानिकपुरी, चेतन सार्वा, डामन रावटे, पुष्पा रावटे, चित्रेश्वर साहू, मुकेश सहारे, तिलक रात्रे, संजोग अंधारे, प्रहलाद निर्मलकर, चुरामन मार्गे, ओमप्रकाश मेश्राम, अजय कौशिक, जसवंत वर्मा, मुकेश आदित्य, कुंजलाल साहू, हिरामन रावटे आदि आयोजन में शामिल हुए।



सार समाचार

निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने 22 को शिविर

राजनांदगांव। राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा जिले के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदाय करने परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने 22 अक्टूबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक शासकीय बौद्धिक मंद बालक-बालिकाओं का विशेष विद्यालय 18 एकड़ पुलिस लाइन के पास जीई रोड राजनांदगांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। निःशुल्क सहायक उपकरण के लिए पात्र हितग्राहियों को आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। शिविर के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

प्रधान पाठिका राबिया को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण

राजनांदगांव। हीरामोती वार्ड 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला इग्नाइट की प्रधान पाठिका राबिया शादाब को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्यों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया है। उन्हें उत्कृष्ट प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला) श्रेणी में यह सम्मान मिला। संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा आयोजित समारोह में मिली इस उपलब्धि से हीरा मोती वार्ड क्रमांक 39 सहित शहर में हर्ष का माहौल है। पार्षद रवि सिन्हा ने राबिया शादाब को बधाई देते कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय जब अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचार से पहचान बनाते हैं, तो शिक्षा व्यवस्था के प्रति समाज का विश्वास मजबूत होता है। प्रधान पाठिका राबिया शादाब ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों, शाला प्रबंध समिति (एसएमसी), अभिभावकों और विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों को दिया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, संकुल प्राचार्य, एसएमसी सदस्य, अभिभावकों एवं वार्डवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते उन्हें शुभकामनाएं दी।



महंगाई और अत्याचार की पर्याय है छग सरकार

राजनांदगांव। छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव व शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव की महामंत्री कुसुम दुबे ने छग सरकार की यात्री बसों के 40 प्रतिशत किराये में वृद्धि को जनता को आर्थिक बोझ देने के साथ ही महंगाई की मार के बाद स्मार्ट मीटर थोपने और अब बसों के किराये बढ़ोत्तरी को तुगलगी निर्णय करार दिया है। महामंत्री श्रीमती दुबे ने बताया कि कि कुछ दिन पूर्व छग सरकार ने बसों के परमिट के दर सहित निम्न टैक्स फीस को बढ़ाकर 2500 से 10000 रुपए, मोटर कैब टैक्सी के 1500 को 4000 रुपए आरटीओ के विरुद्ध अपील फीस 200 को 2000 रुपए सहित माल वाहक वाहनों के परमिट को 2000 से 6000 रुपए। इसी प्रकार डुप्लीकेट परमिट को 500 से 1000 रुपए बढ़ाकर एवं विकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाईस जो अन्य राज्यों में 4 से 6 हजार है, उसमें छग में 12 हजार से 13 हजार वसूल रहे हैं। साथ ही दो वर्ष में रिनिवल चार्ज 8500 रुपए है। घटिया रेडियम पट्टी वसूली का माध्यम है, जो भी बस संचालकों के लिए बोझिल है। उसी प्रकार अब आम जनता को बस किराये में 40 प्रतिशत अधिक भुगतान करना पड़ेगा, जो बस संचालकों सहित जनता दोनों पर आर्थिक बोझ है। मोदी की गारंटी में स्कूली छात्र-छात्राओं को ट्रेवलिंग एलाउंस देने की बात करने वाली भाजपा 3 वर्ष से वादा खिलाफी तो की ही है। वहीं बस किराया तो बढ़ाया, किंतु बस के माध्यम से शिक्षा अध्ययन करने आने-जाने वाले बच्चों को छूट का मापदंड भी तय नहीं किया है, जो स्कूली बच्चों के साथ भी अन्याय कारक है।



स्वच्छता रखने आयुक्त की अपील

राजनांदगांव। दुर्गा पर्व में पंडालों में विराजित मां दुर्गा, मां काली एवं मां सरस्वती प्रतिमा स्थल में पूजा-आरती व विभिन्न आयोजनों के दौरान स्वच्छता कायम रखने तथा आयोजनों व विसर्जन के दौरान पाली पापर का उपयोग नहीं करने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने समितियों से अपील की है। उन्होंने प्रतिमा विसर्जन मोहारा स्थित विसर्जन कुंड में ही विसर्जित करने की भी अपील की।

दुर्गुण से सीख लो और उसे सद्गुण में बदल दो

राजनांदगांव। "सदगुण भी देखिए और दुर्गुण भी देखिए, दुर्गुण से सीख लीजिए तथा उसे सद्गुण में बदल दीजिए। दुर्गुण को अपनाये नहीं बल्कि उसे देखकर सीख लीजिए।" उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हर चीज से हमें कोई न कोई सीख मिलती ही है,उसे ग्रहण करने की क्षमता हममें होनी चाहिए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर ने कहा कि हमें बहुत लोग मिलते हैं,उनमें से कुछ लोगों को देखते ही हमें सुकून मिलता है। उनका आभा मंडल ही ऐसा होता है जो हमें प्रभावित करता है। उन्हें देखकर हमें काफी शांति मिलती है और दुख खत्म हो जाते हैं तथा चिंता मिट जाती है। हमें उनसे भी सीख लेनी चाहिए ताकि हमें देखने पर भी लोगों के मन में हमारे प्रति अहोभाव आए। हम अपने जीवन को बेहतर बना सके, इसके लिए हमें विनम्र रहने और सदैव सीखते रहने की निरंतर आवश्यकता है। मुनि श्री श्रेयांशप्रभ ने कहा कि इस संसार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसे कोई दुख ना हो। हर व्यक्ति के पास कोई ना कोई दुख अवश्य है। एक बार बैठकर अपने ही समक्ष अपने दिल का सारा गुबार निकाल दो। खुश होने में काफी समय लगता है और दुखी होने में एक पल भी नहीं लगता। हम झगड़ा करते हैं और सोचते हैं कि सॉरी बोलकर हमने सब मामला सुलझा लिया। मामला सुलझाने के लिए कुछ तो समय देना चाहिए। कुछ झगड़ा बोलकर नहीं होते, हम इसे कोल्ड वॉर कहते हैं। जितना अपने झगड़े के लिए समय दिया है उतना ही समय सुलझाने के लिए भी दे ताकि समस्या ही ना रहे।

सूची में जिला हॉकी संघ के 26 खिलाड़ी शामिल

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में हॉकी खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का आयोजन 21 अक्टूबर से 01 नवंबर तक रायपुर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की अंतिम सूची में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के 26 खिलाड़ियों को शामिल किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। यह जिले की हॉकी प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



डॉ. रमन के जन्मदिन पर जुबिन नौटियाल की प्रस्तुति ने बांधा समां

स्टेडियम में 40 हजार लोगों ने एक साथ किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

15 अक्टूबर की रात शहर के दिग्विजय स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान सूरों से सजी संगीतमय आयोजन में बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल ने अपनी प्रस्तुति से समा बांधा। आयोजन के अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस को ऐतिहासिक बनाने युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्र विजय शर्मा सहित प्रदेश के कई मंत्री और विधायक मंच पर मौजूद रहे। रात 9 बजे से शुरू हुआ यह आयोजन देर रात तक जारी रहा। इस दौरान जुबिन नौटियाल ने अपने भजनों और विभिन्न गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें श्रोता झूम उठे।

जनता ने दी शुभकामनाएं

शहर के दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित हुए इस कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम खचाखच दर्शकों से भरा रहा।

ऊपर की पूरी गैलरी और नीचे ग्राउंड पर हुई बैठक व्यवस्था में हजारों लोगों की उपस्थिति नजर आ रही थी। इस ऐतिहासिक भीड़ ने अपने विधायक को मोबाइल की टॉर्च जलाकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते बधाइयां दी।



स्टेडियम में गूंजा हनुमान चालीसा

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के 74वें जन्मदिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष भावेश बैद द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कराया गया। स्टेडियम में उपस्थित लगभग 40 हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसे गोल्डन बुक में दर्ज किया गया।

मेरा अभिमान है राजनांदगांव : डॉ. रमन

अपने जन्मदिन के उत्सव के अभूतपूर्व आयोजन का लेकर मंच से संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने यहां के लोगों का आभार जताया। उन्होंने राजनांदगांव की धरती को प्रणाम करते मां बम्लेश्वरी की जयघोष से अपने उद्बोधन की शुरूआत की और यहां के वैष्णव राजाओं, साहित्य त्रिमूर्तियों को नमन किया। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि उनका जन्म भले ही कवर्धा के ठाठापुर में हुआ है, लेकिन मेरा जन्म सफल करने वाली धरती राजनांदगांव है। उन्होंने कहा कि इसकी मिट्टी में मेरा राजनीतिक पुनर्जन्म हुआ है। उन्होंने कहा कि जो राजनांदगांव से मिला, वह और कहीं नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मेरी पहचान, मेरी शान, अभिमान राजनांदगांव है। उन्होंने यहां की हॉकी और झांकी को याद किया। डॉ. सिंह ने हाल में निर्मित हुई कांतारा वाली झांकी की सराहना की। उन्होंने यहां के युवाओं को नमन किया। वहीं जनता की अपार भीड़ को देखते कहा कि आज इस स्टेडियम की क्षमता सार्थक हुई है।

राज्यपाल ने विस अध्यक्ष को दी शुभकामनाएं



राज्यपाल रमेन डेका ने गुरुवार को दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित राग नांदगांव कार्यक्रम में पहुंचकर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री डेका ने विस अध्यक्ष डॉ. सिंह के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने राज्यपाल श्री डेका के प्रति आभार व्यक्त किया।

ढोडिया में कृषि सूचना केन्द्र का शुभारंभ

राजनांदगांव। पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ढोडिया में कृषि सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने कहा कि कृषि सूचना केंद्र के माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी, नवीन कृषि पद्धतियों एवं वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराया जाएगा तथा विद्यार्थियों को ग्रामीण परिवेश में व्यावहारिक कृषि अनुभव मिलेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को कृषि संबंधी जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होगा। साथ ही विद्यार्थियों को किसानों के साथ प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा किसानों एवं ग्रामीणों के लिए विभिन्न कृषि आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने प्रदर्शित मॉडलों के माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा कृषि की नवीनतम विधियों के संबंध में किसानों को जानकारी दी गई। अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए कृषि मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर रावे समन्वयक डॉ. शिवाजी लिमजे, प्राध्यापक डॉ. नितिन तुर्रे, डॉ. मनोज कुमार चंद्राकर, डॉ. द्विवेदी प्रसाद, डॉ. डिकेश्वर निषाद, डॉ. पूजा साहू, डॉ. महेंद्र कुमार देशमुख, डॉ. संतोष, डॉ. शिशिर प्रकाश शर्मा, ग्राम ढोडिया के सरपंच ढिल्लूराम साहू, पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

विशाल भंडारा आज

राजनांदगांव। चैत्र एवं शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि अवसर पर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के सामने जीई रोड़ आरके नगर में विशाल विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया जाता रहा है इसी परंपरा को आगे बढ़ाते शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि 17 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

बच्चों ने किया नौ दुर्गा के रूपों का वर्णन



राजनांदगांव। जेएलएम गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम में शारदीय नवरात्रि अवसर का प्रार्थना सभा में नौ दुर्गा के रूपों का विस्तृत वर्णन किया गया। साथ ही शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा को बच्चों ने उनके स्वरूप में प्रस्तुत किया। प्री प्रायमरी के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बच्चों के आकर्षक परिधान और उत्साह ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों तथा अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता लाना है। गरबा के माध्यम से भक्ति और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने कहा कि जहां भक्ति वहां शक्ति है। आज इन बच्चों ने गरबा कर पूरे विद्यालय को ऊर्जावान बना दिया। इससे भारतीय संस्कृति के प्रति उनका प्रेम झलकता है। इस अवसर पर राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, सागर चितलांग्या, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, पिंकी खंडेलवाल, वंदना डुंभरे, रंजीता कौर, छाया महाकालकर एवं शिक्षकों ने प्रतिभागी बच्चों को उनके उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।





हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

पंचमी भेंट की अनूठी परंपरा: मां बम्लेश्वरी और आंगा देव का मिलन, श्रद्धालुओं की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में नवरात्र की पंचमी पर आस्था, परंपरा और आदिवासी संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्वप्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी धाम में राजपरिवार की अगुवाई में आदिवासी समाज ने पारंपरिक पंचमी भेंट की रस्म निभाई। इस दौरान मां बम्लेश्वरी देवी और आंगा देव का मिलन कराया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। खास बात यह रही कि पिछले कुछ समय से पंचमी भेंट को लेकर बने तनावपूर्ण स्थिति के बीच इस बार मंदिर ट्रस्ट समिति, राजपरिवार, आदिवासी समाज और प्रशासन की मौजूदगी में आयोजन संपन्न हुआ। आखिर क्या है, पंचमी भेंट की परंपरा और क्यों खास है यह आयोजन?

आस्था और परंपरा का संगम छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली पंचमी भेंट की परंपरा एक बार फिर डोंगरगढ़ में जीवंत होती नजर आई। मां बम्लेश्वरी के दरबार में आयोजित इस पारंपरिक रस्म में आदिवासी समाज की आस्था, लोक मान्यताओं और वर्षों पुरानी परंपराओं की झलक देखने को मिली। राजपरिवार की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगा देव और मां बम्लेश्वरी देवी के मिलन की परंपरा निभाई गई। मान्यता है कि इस परंपरा के माध्यम से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है।

राजपरिवार की अगुवाई में आदिवासी समाज ने पंचमी भेंट की परंपरा निभाई

परंपरा पीछे राजपरिवार की भूमिका

पंचमी भेंट केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि डोंगरगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी परंपरा भी है। इस आयोजन में राजपरिवार की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। परंपरा के निर्वहन के साथ आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक आस्था को भी विशेष महत्व दिया जाता है। इस बार आयोजन को लेकर सभी पक्षों के बीच समन्वय स्थापित होने के बाद पंचमी भेंट की रस्म संपन्न हुई। ऐसे में राजपरिवार की ओर से इस परंपरा, उसके महत्व और आयोजन से जुड़े पहलुओं पर क्या कहा गया।



नई पीढ़ी तक पहुंच रही लोक संस्कृति की अनमोल धरोहर

डोंगरगढ़ की पंचमी भेंट ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि परंपराएं केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली सांस्कृतिक धरोहर भी है। आस्था, आदिवासी संस्कृति और राजपरिवार की परंपरा से जुड़ा यह आयोजन आपसी संवाद और समन्वय के साथ संपन्न हुआ। मां बम्लेश्वरी के दरबार में आंगा देव के मिलन की यह परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है।

समन्वय से बनी सहमति

प्रशासन की मौजूदगी में आयोजन पिछले कुछ समय से पंचमी भेंट को लेकर तनाव और मतभेद की स्थिति सामने आने के बाद इस बार आयोजन को लेकर प्रशासन की भूमिका भी अहम रही। मंदिर ट्रस्ट समिति, राजपरिवार और आदिवासी समाज के बीच समन्वय के साथ प्रशासन की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजनों में शांति, आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे में आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं और प्रशासनिक भूमिका को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने भी अपनी बात रखी।

नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

संगठन को भनक तक नहीं, निजी संस्था के लिए करोड़ों की घोषणा का आरोप, डोंगरगांव-मुसरा मंडल ने जिला व प्रदेश संगठन से की शिकायत

कांग्रेस विधायक के फार्म हाउस पहुंचे मंत्री, घोषणाओं पर भाजपा में बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि एवं आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम के कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा स्थित फार्म हाउस पहुंचने और वहां की गई घोषणाओं को लेकर भाजपा संगठन में नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। भाजपा नेताओं ने मंत्री के दौरे की जानकारी संगठन को नहीं दिए जाने पर सवाल उठाते जिला और प्रदेश संगठन से शिकायत की है। नेताओं का आरोप है कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर दौरे पर पहुंचे मंत्री ने कांग्रेस विधायक की निजी संस्था के लिए करोड़ों रुपए की घोषणा कर दी। जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय संगठन को इसकी जानकारी तक नहीं थी। जानकारी के अनुसार मंत्री रामविचार नेताम गुरुवार को डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के बाद डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के आलीवारा स्थित फार्म हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ सरपंचों के साथ संगोष्ठी की। इसी दौरान विधायक के फार्म हाउस में लीफ एनालिसिस मशीन लगाने की घोषणा की गई। इसके अलावा भी कुछ अन्य घोषणाएं किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके बाद मंत्री एक कांग्रेस नेता के साथ चिद्दो गांव पहुंचे। यहां उन्होंने एक किसान के खेत में पहुंचकर फसल की स्थिति और उत्पादन की जानकारी ली।



आवेदन दिया तो लौटा दिया

भाजपा नेताओं द्वारा संगठन को की गई शिकायत में कहा गया है कि मंत्री के चिद्दो पहुंचने पर सरपंच और भाजपा नेताओं ने गांव के विकास से जुड़े कार्यों के लिए आवेदन सौंपने का प्रयास किया। आरोप है कि मंत्री ने आवेदन यह कहते हुए वापस कर दिया कि वे केवल फसल देखने आए हैं। इस घटनाक्रम से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई।

मंत्री ने दिया आश्वासन

विधानसभा में बहस के दौरान मंत्री ने किसान उत्पादक समूह के कामकाज को देखने का वादा किया था। वे कल यहां आए और किसानो से मुलाकात कर न सिर्फ फसल को देखा बल्कि उनकी दिक्कतों और समस्याओं को भी सुना। मंत्री ने किसानो को आश्वासन दिया है।

- दलेश्वर साहू, विधायक

संगठन को जानकारी नहीं

मंत्री के दौरे को लेकर सबसे बड़ा सवाल भाजपा संगठन की ओर से उठाया गया है। डोंगरगांव और मुसरा भाजपा मंडल के नेताओं ने जिला एवं प्रदेश संगठन से शिकायत करते कहा है कि मंत्री के कार्यक्रम की उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनाव के दौरान पार्टी के लिए वे पूरी ताकत से काम करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद स्थानीय संगठन और कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है।

न मुझे पता था, न संगठन को

कृषि मंत्री के दौरे की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। भाजपा संगठन को भी इसकी सूचना नहीं थी। इस पूरे मामले की जानकारी प्रदेश संगठन को दे दी गई है।

- दिनेश गांधी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत

निजी संस्था को लाभ देना अनुचित

मंत्री के दौरे की जानकारी संगठन को नहीं मिली थी। कांग्रेस विधायक की निजी संस्था के लिए राशि की घोषणा की गई है, जो पूरी तरह अनुचित है। इस मामले की शिकायत प्रदेश संगठन से की जाएगी।

- भरत वर्मा, उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक

मेला देखने जा रहे बाइक सवार की दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवरात्र मेला देखने के लिए बाइक में सवार होकर जा रहे युवक को एक बोलेरो वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक को गंभीर चोंट आई और उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हितागुटा निवासी हेमप्रकाश पटेल उम्र लगभग 26 वर्ष 15 अक्टूबर को रात्रि में बाइक में सवार होकर नवरात्र मेला देखने के लिए अपने गांव से अंबागढ़ चौकी जाने के लिए निकला हुआ था। वह सांगली मोड मेन रोड के पास पहुंचा ही था। इसी दौरान एक बोलेरो वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते बाइक सवार को ठोकर मार दिया।

गंभीर चोंटे आई थी

पुलिस के अनुसार उक्त दुर्घटना में बाइक सवार हेमप्रकाश पटेल को गंभीर चोंटे आई थी, जिसे उपचार हेतु 112 वाहन में शासकीय चिकित्सालय अंबागढ़ चौकी ले जाया गया, जहां चेक करने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस घटना की खबर से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

जगमग रोशनी से सजा माई का दरबार



गौवंश मामले को लेकर आक्रोश, नारेबाजी

राजनांदगांव। शहर के गौरी नगर क्षेत्र में गत दिवस गौवंश का कटा सर मिलने की घटना के बाद सनसनी फैल गई थी।

इस मामले को लेकर आज पुनः देर शाम गौरी नगर क्षेत्र के लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। क्षेत्र के लोग मोहल्ले से नारेबाजी करते हुए कोतवाली थाना के पास पहुंचे। थोड़ी देर बाद पुराना बस स्टैण्ड सर्विस लेन में एकत्र होकर चक्का जाम की स्थिति निर्मित कर दिए थे। मौके पर पुलिस अधिकारी समझाईश का प्रयास करते रहे। ज्ञात हो कि शहर के गौरी नगर क्षेत्र में गौवंश का कटा सर गत दिवस मिलने का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर हिन्दू संगठनों द्वारा आक्रोश व्याप्त करते हुए इस मामले से जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया गया था। बताया जाता है कि इस मामले में गौरी नगर क्षेत्र के एक घर में रहने वाले संदिग्ध आरोपी की पहचान की गई है। बताया जाता है कि संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उचित कार्रवाई की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

अवैध रूप से शराब बिक्री आठ आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में छुईखदान और गंडई पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में 8 आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, परिवहन और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर जिला पुलिस बल द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाना छुईखदान और थाना गंडई की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मुस्तैदी के साथ बड़ी कार्रवाई की है।

छात्राओं ने किया थाना का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सामाजिक सहभागिता एवं बालिका सुरक्षा के उद्देश्य से बाल संरक्षण आयोग के सहयोग से छात्राओं ने थाना का भ्रमण किया। इस दौरान बाल संरक्षण एवं गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक किया गया।

सामाजिक सहभागिता एवं बालिका सुरक्षा के उद्देश्य से बाल संरक्षण आयोग के सहयोग से कन्या शाला दिलीपपुर की छात्राओं को थाना खैरागढ़ का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, थाना की विभिन्न शाखाओं एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।



आवश्यक जानकारी दी

छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल संरक्षण, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना संकोच विश्वसनीय व्यक्ति, अभिभावक अथवा पुलिस को सूचित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना है।

पेंडरी में सत्संग भजन प्रवचन 18 को

राजनांदगांव। सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में स्थित सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम में जिला चातुर्मास आयोजन समिति द्वारा आगामी 18 अक्टूबर को अध्यात्मिक दिव्य सत्संग भजन प्रवचन का आयोजन रखा गया है।

इस आयोजन में सदगुरु कबीर धर्म गुरुजनों के साथ बौद्ध धम्मगुरु पूज्य भंते बुद्धपाल जिला सिवनी मध्यप्रदेश से अपने श्रामनेर संघ के साथ पधारकर सदगुरु कबीर जीवन दर्शन पर अपने सारगर्भित विचार रखेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से बौद्ध धम्मगुरुजनों के स्वागत सम्मान के साथ किया जाएगा। तत्पश्चात अध्यात्मिक दिव्य सत्संग प्रवचन करेंगे। यह जानकारी सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के प्रबंधक योगदास साहू ने दी है।

खबर संक्षेप

प्राथमिक शाला मक्के में नवरात्रि पर्व मनाया गया

कवर्धा। प्राथमिक शाला मक्के में नवरात्रि पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में देवी मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, नृत्य और नाटकों का आयोजन किया गया। इसके अलावा इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जैसे कि देवी दुर्गा के चित्र बनाने की प्रतियोगिता और नवरात्रि से संबंधित निबंध लेखन की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नवरूप धारण किया साथ ही गरबा किया साथ ही बच्चों को मिठाई खिलाया गया। जिस पर प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने बच्चों को दशहरा की शुभ कामनाएं दी, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक शिक्षक कपूर राम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खाण्डे, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष दुखिया साहू, अयोध्या साहू, भोलाराम साहू, सभी सदस्य पालक, रसोइया राजवंती, रजन, मोहित सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



धनेली में 37 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित

कोलेगांव। ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम धनेली में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। नवरात्रि के अवसर पर गांव में तीन दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। वहीं मां महामाया मंदिर में ज्योति जंवारा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ 37 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालु माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं गांव की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। आयोजन में सेवक एवं पंडा के रूप में अनुज साहू, मुरारी साहू, हेमंत साहू, सुखीराम साहू, पिंटू साहू और लाला साहू सहित अन्य श्रद्धालु अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं रात्रिकालीन भव्य जसगीत, भजन-कीर्तन का आयोजन माता रानी की सेवा किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण भक्तजनों की दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।



प्राथमिक शाला कुटकी पारा में न्योता भोज कराया

कवर्धा। शासकीय प्राथमिक शाला कुटकीपारा में प्रधान पाठक लक्ष्मी रावटे द्वारा गुरूवार को कन्या पूजन एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस न्योता भोज में बच्चों को केला, मिठाई, पूड़ी-सब्जी, बिस्किट परोसा गया भोजन पश्चात सभी बालक बालिकाओं को रुमाल भेट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कुटकीपारा के सरपंच, उपसरपंच, वरिष्ठ प्रधान पाठक प्रभात गुप्ता, सेवा निवृत्त खण्ड स्त्रोत समन्वक जलेश चंद्रवशी, व्याख्याता कन्हैया गुप्ता, समन्वयक राधेश्याम यादव, प्रधान पाठक आसकरण सिंह धुर्वे, प्रधान पाठिका श्रीमती मिथला जायसवाल, सहा.शिक्षक भागवत सोनी, कर्नल तिवारी एवं श्रीमती अनिता सिंह ध्रुव, केशलाल साहू आदि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



ग्राम देवरी में नवरात्रि पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह

पिपरिया। प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में नवरात्रि के पावन पर्व पर विद्यार्थियों ने दुर्गा माता पंडाल जाकर पूजा-अर्चना किया एवं बच्चों में नवरात्रि पर्व को लेकर बहुत ही उत्साह का माहौल बना हुआ है, चारों तरफ वातावरण भक्तिरस में डूबा हुआ है। उक्त अवसर पर प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा द्वारा नवरात्रि पर्व के महत्व को बताया गया कि इस पावन अवसर पर्व में लोग देवी मां की भक्ति-भाव, पूजा-अर्चना, भजन कीर्तन व्रत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है, इस अवसर पर शिक्षक जितेंद्र कुमार जायसवाल के साथ-साथ भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



रवेली में नौ स्वरूपों में विराजमान हुईं माता रानी

कोलेगांव। ग्राम रवेली में जय मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में क्वांर नवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। मंगल भवन, अटल चौक में समस्त ग्रामवासियों के मंगल एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ माता रानी की नौ स्वरूपों में दिव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार और गांव की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि की पंचमी तिथि पर ग्राम आचार्य पं अशोक पाठक द्वारा विधि-विधान से माता रानी का पूजन कराया गया। इस अवसर पर भक्तों ने माता रानी को खीर, पूरी और हलवे का नैवेद्य अर्पित किया। मंगल आरती में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए और माता रानी के जयकारे लगाए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि की पंचमी तिथि को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मां स्कंदमाता को संतान सुख, बुद्धि, विवेक और चेतना प्रदान करने वाली देवी माना जाता है। श्रद्धापूर्वक उनकी आराधना करने से मन को शांति और आध्यात्मिक सुख की प्राप्ति होती है।



विजय शर्मा ने सामुदायिक भवन नव-निर्माण के लिए 6.5 लाख रूपए की मिली स्वीकृति

बरबसपुर। जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द में छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा ने सामुदायिक भवन नव निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच अमित चंद्रवंशी ने सामुदायिक भवन का नव निर्माण कार्य शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि ग्राम में लंबे समय से सामुदायिक भवन का अभाव था, इसलिए सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम में परेशानी ग्रामीणों को उठाना पड़ता था। ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन के लिए मांग की तब डिप्टी सीएम ने गांव की विकास के लिए 65 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है ताकि ग्रामवासियों को सामुदायिक भवन का लाभ मिल सके। जिसकी तैयारी ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा जोर-शोर से कराई जा रही है। नव निर्माण होने के बाद सभी समाज और ग्रामवासियों को इसका लाभ जल्द मिलेगा।



सड़क की खराब स्थिति पर तत्काल लिया संज्ञान, दिए निर्देश

उप-मुख्यमंत्री का ग्रामीणों से संवाद, दी करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने ग्राम बंदौरा और ठकुराइनटोला में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी बातें सुनना, उनकी परेशानियों को समझना और गांव की जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों की घोषणा की गई। उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी मांगे और समस्याएं सुनीं और गांव के विकास से जुड़ी मांगों पर गंभीरता से चर्चा की। इस दौरान गांव वाले की मांग पर विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 74.80 लाख रुपये की घोषणाएं कीं। वहीं बंदौरा में सड़क की खराब स्थिति की शिकायत सामने आने पर संबंधित अधिकारी को फोन कर सड़क उखाड़कर दोबारा बनाने के निर्देश दिए।

ग्राम बंदौरा में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वार्ड क्रमांक 10 में कबीर कुटी निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, सामाजिक भवन के लिए 10 लाख रुपए और नवधा मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए की घोषणा की। इसके अलावा मुक्तिधाम में शेड निर्माण तथा गांव में शेड निर्माण के लिए 18 लाख रुपए देने की घोषणा की।

ग्राम ठकुराइनटोला में 7.80 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क, 10 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन और मुक्तिधाम के लिए 6 लाख रुपए की घोषणा की गई। वहीं, ग्राम नयापारा पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इन कार्यों से ग्रामीणों को सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

गांवों के विकास के लिए लगातार हो रहे कार्य



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के समग्र विकास और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, धार्मिक पर्यटन और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर विभिन्न विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कवर्धा में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो चुका है और इसके भवन का निर्माण किया जा रहा है। शहर में यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बिलासपुर रोड और रायपुर रोड से शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों पर 54 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भोरमदेव मंदिर के विकास के लिए 146 करोड़ रुपए कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 85 हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा की सुविधा विकसित की जा रही है। इनमें से 50 स्कूलों में डिजिटल बोर्ड लगाए जा चुके हैं और शेष 35 स्कूलों में भी इन्हें लगाने की योजना है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। राज्य में गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 425 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

बीजाझोरी में दूसरी बार बोर से केबल वायर चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी में बोर पंप से केबल वायर चोरी के मामला सामने आया है। बताया जाता है कि जहां रात को चोर शिक्षा के मंदिर परिषर में स्थित बोर से केबल तार-वायर चोरी कर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार स्कूल भवन में सुरक्षा के अभाव के कारण इस घटना को अंजाम दिया जा रहा है, क्योंकि बाउंड्रीवॉल का अभाव है। खुले में रहने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। जिसके कारण शिक्षक, बच्चे और रसोईया परेशान नजर आ रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि शाला परिषर के बोर पंप से एक बार नहीं, दो-तीन बार केबल तार(वायर) की चोरी हो चुकी है इसके बाद भी चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जिसके चलते क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इसी तरह ग्राम बरबसपुर, सिंघनपुरी के किसानों के खेतों में स्थित बोर में लगा हुआ केबल वायरिंग की भी चोरी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस विभाग से इस ओर जिम्मेदारों को तहकीकात करने की जरूरत है ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो सके साथ ही साथ रात में गांव-गांव में पुलिस गश्त व्यवस्था की जाए ताकि गांव सुरक्षित हो।

अज्ञात चोर ने पंजाब एजेंसी में की लाखों रुपए के चारी



- पंडरिया पुलिस टीम अज्ञात आरोपी के पतासाजी में जुटी, घटना स्थल का मुआयना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया नगर के बस स्टैंड रोड स्थित पंजाब एजेंसी में बीती रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर 4 लाख 10 हजार रुपए की बड़ी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की रिपोर्ट पंडरिया थाने में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार पंजाब एजेंसी के संचालक प्रिंस सलूजा ने बताया कि 14-15 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे अज्ञात चोर दुकान की ऊपरी मंजिल की दीवार काटकर भीतर दाखिल हुए। इसके बाद छत के रास्ते नीचे आकर और रोशनदान तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने दुकान की दराज (गल्ले) में रखे 4 लाख 10 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए। घटना का खुलासा सुबह करीब 9.30 बजे तब हुआ, जब दुकान खोली गई और सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव के निर्देश पर कवर्धा से डॉग स्क्वॉड, साइबर क्राइम टीम व सीन ऑफ क्राइम की फॉरेंसिक टीम को मौके पर रवाना किया गया। पंडरिया थाना प्रभारी अजय सिन्हा एवं एसडीओपी भूपत सिंह ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया।

स्वर्णा लेडीज ग्रुप के तीन दिवसीय महोत्सव संपन्न

- पंडरिया में गरबा गुंजन महोत्सव ने रचा इतिहास, 200 से अधिक महिलाओं-बालिकाओं ने बिखेरा संस्कृति का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नवरात्रि के पावन अवसर पर स्वर्णा लेडीज ग्रुप पंडरिया द्वारा पीएम श्री आत्मानंद हाई स्कूल मैदान पंडरिया में आयोजित तीन दिवसीय भव्य गरबा गुंजन महोत्सव का बुधवार 14 अक्टूबर को उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण में भव्य समापन हुआ। महोत्सव में 200 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर गरबा और डांडिया रास की शानदार प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक परिधानों, मधुर संगीत, माता रानी की आराधना और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया।

समापन समारोह में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें, कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा पांडेय एवं सुरेन्द्र छाबड़ा उपस्थित थें। अतिथियों ने स्वर्णा लेडीज ग्रुप के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने स्वर्णा लेडीज ग्रुप द्वारा आयोजित महोत्सव की भव्यता, व्यवस्थाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंडरिया में इतने बड़े स्तर पर गरबा महोत्सव का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण स्वर्णा लेडीज ग्रुप का यह गरबा उत्सव है। पंडरिया में आयोजित यह भव्य कार्यक्रम किसी महानगर से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों ने एकजुट होकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जिस उत्साह एवं भव्यता के साथ आगे बढ़ाया है, वह पूरे कबीरधाम जिले के लिए गौरव का विषय है।

सांसद श्री पांडेय ने ग्रुप की महिलाओं के समर्पण और सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वर्णा लेडीज ग्रुप के कार्यक्रमों में शामिल होना उन्हें हमेशा प्रसन्नता देता है। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा पांडेय एवं सुरेन्द्र छाबड़ा ने भी आयोजन की सराहना की। इस तीन दिवसीय गरबा गुंजन महोत्सव के दौरान माता रानी की आराधना, 108 दीपों की भव्य महा-आरती, आकर्षक झांकियों और डांडिया रास ने श्रद्धा एवं उत्साह का अनूठा वातावरण निर्मित किया।

इस तीन दिवसीय महोत्सव की सफलता में स्वर्णा लेडीज ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती मीनू छाबड़ा, संयोजक एवं संचालिका श्रीमती उमा पाठक, श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव, श्रीमती गुंचा सलूजा, श्रीमती छाया सिंह ठाकुर, श्रीमती नीतू भट्ट, श्रीमती नियति जायसवाल एवं श्रीमती निमिता सिंह ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही विशेष सहयोगी सदस्य श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, श्रीमती कामिनी जोशी, श्रीमती निशा शर्मा एवं श्रीमती गुरजीत कौर सहित ग्रुप की समस्त सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





हर वर्ष बढ़ रही आयोजन की भव्यता: डॉ धर्मजीत सिंह

कार्यक्रम में तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह ने पंडरिया में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक उत्सव पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंडरिया उनकी जन्मभूमि है और अपनी जन्मभूमि में इस तरह का आयोजन होते देखना उनके लिए गर्व एवं आनंद का विषय है। उन्होंने कहा कि वे पिछले चार वर्षों से इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं और हर वर्ष आयोजन का स्वरूप पहले से अधिक भव्य होता जा रहा है। यह स्वर्णा लेडीज ग्रुप की महिलाओं की मेहनत, अनुशासन, लगन और सामूहिक शक्ति का परिणाम है। उन्होने ग्रुप की सभी सदस्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग देने का विश्वास दिलाया। उनके अनुसार, इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को परंपराओं से परिचित कराने और महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा के तत्वाधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और मतदान प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।यह कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ का संदेश देते हुए अपनी आवाज बुलंद की।



इस अवसर पर उत्तर चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, सनत चंद्राकर, प्रमोद पात्रा, रोमी पाल खनूजा, मनोज भास्कर, बद्री खांडे, सुरेश चंद्राकर, मनोहर चंद्राकर, धरमजीत खांडे, अंकित रजक, अजय चंद्राकर, संतोष पाटिल, रामफल, शेखर, सरस्वती गोयल, देवदत्त साहू, नारद यादव, प्रिया दास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थें।

बेटी के एमबीबीएस में चयन, कराया न्योता भोज



बोड़ला। विकासखंड बोड़ला के संकुल मिनमिनिया मैदान अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बद्दो में शिक्षिका सुलोचना सिंह राजपूत के जन्मदिन और उनकी पुत्री वंशिका राजपूत का शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद में एमबीबीएस के लिए चयन होने की खुशी में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहभागिता की। न्योता भोज के माध्यम से शिक्षिका ने अपने पारिवारिक खुशी के अवसर को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ विद्यालय और समाज के बीच आत्मीयता एवं सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य व्हीएस ठाकुर, संकुल समन्वयक बीपी पाटिल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा, प्रधान पाठक लक्ष्मण चंद्रवंशी, शिक्षक प्रकाश पाटिल, शिक्षिका सुलोचना सिंह राजपूत, सतरूपा धुर्वे, फागू राम बघेल, सुरेखा रात्रे सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थें।

तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पीजी महाविद्यालय कवर्धा के मनोविज्ञान विभाग के तत्वाधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता के साथ नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

निबंध प्रतियोगिता में ज्योति जायसवाल ने प्रथम, राजेश्वरी पटेल एवं अर्नव गुप्ता ने द्वितीय स्थान, भाषण प्रतियोगिता में अर्नव गुप्ता प्रथम तथा निरंजन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में चंद्रभान पोर्ते ने प्रथम, जबकि प्रगति सिन्हा एवं मनीषा धुर्वे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आदर्श नगर कवर्धा में जनजागरूकता का संदेश दिया।

खबर संक्षेप

कवर्धा में 108 मीटर लंबी चुनरी यात्रा आज



कवर्धा। धर्म नगरी कवर्धा में नवरात्र पर्व के अवसर पर बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल द्वारा 17 अक्टूबर को मां की चुनरी यात्रा एवं सिंदूरार्चन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मंडल द्वारा विगत छह वर्षों से नवरात्र में इस धार्मिक आयोजन की परंपरा निभाई जा रही है। मंडल के अनुसार, कवर्धा में बाबा महाकाल की यात्रा एवं चुनरी यात्रा का आयोजन पहली बार इसी मंडल द्वारा किया गया था। इस वर्ष नवरात्र सप्तमी के पावन अवसर पर शाम 7 बजे मां महामाया मंदिर से मां विंध्यवासिनी मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में 108 मीटर लंबी चुनरी माता रानी को अर्पित की जाएगी। आयोजन में डीजे और धुमाल के स्थान पर पारंपरिक जसगीत का गायन करते हुए श्रद्धालु शामिल होंगे। बाबा श्री महाकाल भक्त मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

महामाया दर्शन करने पहुंची विधायक भावना



पाण्डातराई। नवरात्रि के शुभ अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पांडातराई स्थित मां महामाया मंदिर में मातारानी एवं ज्योत-जंवारा के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर मां महामाया से छत्तीसगढ़ और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी नप उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, अजय गिरी गोस्वामी, भीषणचंद तिवारी, राशिद बघेल, हिरावन जायसवाल, मनोज सहित नगरवंशी उपस्थित थे।

संभावित खनिज ब्लॉकों का चिन्हांकन

कवर्धा। प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग किसी भी जिले की आर्थिक प्रगति को नई दिशा दे सकता है। कबीरधाम जिले में बॉक्साइट एवं चूना पत्थर के छह संभावित खनिज ब्लॉकों का चिन्हांकन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। खनिज क्षेत्रों की पहचान से जिले में उपलब्ध खनिज संपदा के वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं पर्यावरण अनुकूल विकास की संभावनाएं बढ़ी हैं। इन संसाधनों का नियमानुसार विकास भविष्य में शासन के खनिज राजस्व में वृद्धि, स्थानीय रोजगार के अवसरों के विस्तार और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में सहायक बन सकता है। कबीरधाम जिले में खनिज विभाग द्वारा बॉक्साइट के चार संभावित ब्लॉकों सेंदुरखार, सरायपानी, चंद्रादार एवं बनगौरा का चिन्हांकन किया गया है। वहीं, चूना पत्थर के दो संभावित ब्लॉक भिखुरिया-चांटा तथा बिरूटोला-नवापारा-सोहागपुर चिन्हांकित किए गए हैं।

प्राचार्य रमेश ने जताया डीईओ का आभार



कवर्धा। शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने उत्कृष्ट प्राचार्य पुरस्कार से सम्मानित होने के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से सौजन्य मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल व कुशल प्रबंधन में जिला शिक्षा अधिकारी से मिले सतत मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका हृदय से धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी अधिकारियों के उचित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अनदेखी: करीब 16 बीमार बच्चों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

बैगा आदिवासी बाहुल्य गांव में पांच बच्चों की मौत से प्रशासन में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत बैगा आदिवासी बाहुल्य गांव कुम्हान-नंदनी में कुछ महीनों के भीतर पांच बच्चों की मौत का मामला सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और विभागीय निगरानी की पोल खुलते नजर आ रही है।

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के परिवारों तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित जांच और पोषण संबंधी सुविधाएं प्रभावी ढंग से पहुंच रही हैं या नहीं, अब यह मुद्दा चर्चा में है। ग्रामीणों ने बच्चों की मौत के पीछे किसी अज्ञात बीमारी की आशंका जताई है, हालांकि अब तक मौतों के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

लगातार सामने आए इन मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें गांव पहुंचकर बच्चों की जांच, उपचार और परिवारों से जानकारी जुटाने में लगी हैं। जानकारी के अनुसार, कुम्हान-नंदनी में मृत बच्चों की उम्र करीब डेढ़ से दो वर्ष तथा पांच से सात वर्ष के बीच बताई जा रही है। बच्चों की मौत के कारण स्पष्ट नहीं होने के बीच स्वास्थ्य विभाग ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों की जांच की।

इस दौरान स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए करीब 16 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर पहुंचकर बच्चों की सेहत की जानकारी ली जा रही है, ताकि किसी भी बच्चे में बीमारी के लक्षण मिलने पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रही स्वास्थ्य सुविधाएं?



बैगा आदिवासी समुदाय को विशेष संरक्षण और बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता के मद्देनजर कुम्हान-नंदनी की स्थिति ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत को लेकर सवाल खड़े किए हैं। बच्चों की मौत और अन्य बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराने की स्थिति के बीच यह जानना जरूरी हो गया है कि गांव में नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण की निगरानी और बीमारी के शुरुआती लक्षणों की पहचान के लिए किस स्तर पर प्रयास किए जा रहे थे। हालांकि, जांच के निष्कर्ष सामने आने से पहले बच्चों की मौत को स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही या किसी एक बीमारी से जोड़ना उचित नहीं होगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने शुरू किया सर्वे

मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी गांव में सर्वे शुरू किया है। विभाग के अधिकारी आनंद तिवारी अपनी टीम के साथ नंदनी कुमान पहुंचे और घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा परिवारों से जुड़ी जानकारी जुटाई। लेकिन ग्राम कुम्हान-नंदनी में पांच बच्चों की मौत के बाद अब सबसे महत्वपूर्ण यह पता लगाना है कि बच्चों की मौत किन परिस्थितियों में हुई और क्या बीमारी या स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के शुरुआती लक्षणों की समय पर पहचान हो सकी थी। इसके लिए मृत बच्चों के चिकित्सकीय रिकॉर्ड, उपचार संबंधी जानकारी, पोषण की स्थिति और गांव में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की पड़ताल जरूरी है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें गांव में सक्रिय हैं। जांच के निष्कर्ष और विभागीय रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौतों के वास्तविक कारणों तथा संभावित जिम्मेदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



गांव के 61 घरों का सर्वेक्षण कर की गई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और कुपोषण की समस्या दूर करने के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

बोड़ला विकासखंड के ग्राम कुम्हान-नंदनी में बच्चों की मृत्यु और कुछ बच्चों के गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी सामने आने के बाद विभाग ने क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच, बीमारी की पहचान, उपचार और पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया है। स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर पहुंचकर बच्चों की स्थिति की जानकारी ली जा रही है, वहीं जरूरतमंद बच्चों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया जा रहा है।

क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के छह दलों द्वारा 21 स्वास्थ्य शिविर एवं पीवीटीजी शिविर आयोजित किए गए हैं। ग्राम कुम्हान-नंदनी के 61 घरों का सघन सर्वेक्षण कर बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति, मलेरिया की आशंका, टीकाकरण और उपचार की जरूरतों का आकलन किया गया।

मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बच्चों के स्वास्थ्य पर नियमित नजर रखने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

5 मासूमों की मौत, 16 बच्चे कुपोषित, आखिर कब जागेगी भाजपा सरकार: नवीन जायसवाल

- बैगा जनजाति के 5 बच्चों की मौत बेहद चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा से लगे नंदनी कुमान गांव में विशेष रूप से संरक्षित बैगा जनजाति के 5 बच्चों की मौत और 16 कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती किए जाने की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है।

यह घटना प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं, कुपोषण उन्मूलन और आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि मासूम बच्चों की मौत की खबर किसी भी संवेदनशील समाज के लिए पीड़ादायक है। विशेष रूप से संरक्षित बैगा जनजाति के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, पर्याप्त पोषण और समय पर उपचार उपलब्ध कराना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



यदि समय रहते बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति पर प्रभावी निगरानी रखी जाती और जरूरतमंद परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचता, तो ऐसी चिंताजनक स्थिति को रोकने के प्रयास और मजबूत हो सकते थे। नवीन जायसवाल ने मांग की कि गांव में हुई बच्चों की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए।

गांव के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, कुपोषित बच्चों का समुचित उपचार, प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जांच में यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि केवल बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना पर्याप्त नहीं है। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि उपचार के बाद बच्चों को निरंतर पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सुविधाएं मिलती रहें।

आदिवासी परिवारों तक आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी पोषण योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। नवीन जायसवाल ने कहा कि सरकार को इस गंभीर मामले को प्राथमिकता से लेते हुए जवाबदेही तय करनी चाहिए। किसी भी बच्चे का जीवन कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक समय पर पहुंच न होने के कारण संकट में नहीं पड़ना चाहिए। मासूम बच्चों की जिंदगी बचाना सरकार की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, 10 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, जिला चिकित्सालय कबीरधाम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में महाविद्यालय के 9 छात्र-छात्राओं एवं एक भूतपूर्व छात्र सहित कुल 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही हीमोग्लोबिन और ब्लड ग्रुप की जांच भी कराई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जिससे जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती, बल्कि शरीर में रक्त बनने की प्राकृतिक प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।



उन्होंने स्वस्थ व्यक्तियों को निर्धारित अंतराल पर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके।

कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय निर्मलकर, एमएलटी विकास भोंसले, आशीष कुमार, पंकज नेताम, सावन तासम एवं श्रीमती अंजलि, काउंसलर अलिंद कुमार साहू तथा वार्ड बॉय सागर उपस्थित रहे।

श्री आदिशक्ति मंडपम में सिंदूर महाआरती का भव्य आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री आदिशक्ति दुर्गापूजा परिवार द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है। दुर्गापूजा के मुख्य पुजारी स्वप्निल उपाध्याय ने बताया कि इस दरबार मे माता आदिशक्ति के अलग अलग अवतार रखे जाते है जिसमे कवर्धा में पहली बार सिंदूर से बनी मां मांगल्य गौरिका की मूर्ति स्थापना की गई है। नवरात्र में प्रतिदिन मैया की विशेष पूजा की जा रही है। इस दुर्गापूजा की सबसे बड़ी महापूजा सिंदूर सौभाग्यदान और सिंदूर महाआरती का आज संध्या भव्य आयोजन किया गया है। जिसमे माताओ बहनों द्वारा माता को सिंदूर का सौभाग्यदान किया जाएगा बाद उसी सिंदूर से माता रुद्राणी की भव्य महाआरती की जाएगी जिसके लिए माताओ बहनो को सिंदूरी निमंत्रण दिया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में इस महापूजा में शामिल होने आग्रह किया गया है। दुर्गापूजा और सिंदूर महापूजा को भव्य बनाने के लिए समिति के आचार्य सुमित भारद्वाज, समिति के अध्यक्ष अभिनव तिवारी, संरक्षक डेविड खत्री, प्रकाश देवांगन, उपाध्यक्ष दीपक चन्द्रवँशी, देवा चन्द्रवंशी सचिव संतोष झारिया, बृजमोहन कुंभकार, सह सचिव हेमंत साहू श्री आदिशक्ति महिला समिति व समस्त मोहल्लेवासी जुटे हुए है।

लापरवाही बरतने पर पिपरिया तहसीलदार प्रमोद चन्द्रवंशी को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने पिपरिया के तहसीलदार प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला कबीरधाम तय किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, सीएम हेल्पलाइन 1076 में राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान शिकायतों के निराकरण में प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, तहसीलदार द्वारा गंभीर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है। प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, तहसीलदार पिपरिया, जिला कबीरधाम का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

इसलिए राज्य शासन ने प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, जिला कबीरधाम को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। निलंबन अवधि में प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, तहसीलदार का मुख्यालय जिला कबीरधाम (छ.ग.) निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, तहसीलदार को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

बाड़ी में काम कर रही बैगा महिला की सर्पदंश से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

वनांचल क्षेत्र के बोड़ला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम थुआपानी में सर्पदंश से एक बैगा महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय संपत्ति बाई बैगा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 1.00 से 1.30 बजे के बीच की है। संपत्ति बाई अपने घर के पीछे स्थित बाड़ी में निदाई का कार्य कर रही थीं, तभी एक जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया।

घटना के तुरंत बाद महिला ने घर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन की व्यवस्था की और महिला को बंजारी के रास्ते सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

अस्पताल में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। अचानक हुई इस दुर्घटना से मृतका के परिवार और पूरे गांव में शोक का माहौल है। माना जा रहा है कि इस तरह के हादसों से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

गर्भवती महिलाओं को भूखा रखने व स्टाफ को परोसा था घटिया नाश्ता

स्वास्थ्य विभाग हरकत में, ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर में मातृत्व सुरक्षा दिवस पर गर्भवती महिलाओं को दिनभर भूखा रखने और ड्यूटी पर तैनात मेडिकल स्टाफ को घटिया नाश्ता देने के मामले में स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है।

हरिभूमि द्वारा इस गंभीर लापरवाही को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद पंडरिया खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) ने मामले पर संज्ञान लिया है। बीएमओ ने भोजन और नाश्ते की व्यवस्था संभालने वाले संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही नहीं करने की चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


समस्या: दिनभर भूखी रहीं गर्भवती महिलाएं, ठेकेदार की मनमानी

सीएचसी कुकदुर में मातृत्व सुरक्षा योजना पर पलीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदुर में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में भारी लापरवाही का मामला सामने आया है। मातृत्व सुरक्षा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं दर्जनों गर्भवती महिलाओं को दिनभर भूखा रहना

गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुकदुर

ग्रामीण क्षेत्रों से खाली पेट जांच कराने पहुंचीं महिलाओं को समय पर भोजन न मिलने से उनकी तबीयत बिगड़ने का खतरा बना रहा। परिजनों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा

खास खबर

भोजन वितरण की होगी निगरानी, टेंडर निरस्तीकरण की चेतावनी

आगामी शिविरों में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को भोजन और नाश्ते के वितरण की नियमित निगरानी करने कहा गया है। अधिकारियों ने चेताया कि दोबारा शिकायत मिलने या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित वेंडर का टेंडर निरस्त करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा। विभाग के इस आश्वासन से स्थानीय ग्रामीणों और मरीजों के परिजनों को राहत मिली है।

बिजई में सड़क के बीच एक फीट गहरा गड्ढा, रोजाना हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶बिजई

जोराताल से रवेली तक जाने वाले करीब 15 किलोमीटर लंबे पहुंच मार्ग की हालत बेहद जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बिजई में सड़क के बीचोंबीच करीब एक फीट गहरा गड्ढा बन गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, यहां आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं कराए जाने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजई के अलावा डबरा भाट और नेवारी में पुल के पास भी सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। ग्राम खड़ौदा खुर्द में भी सड़क की स्थिति खराब है।

डामर उखड़ने से गिट्टियां बाहर निकल आई हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पर प्रतिदिन एक-दो लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं।

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित, युवक घायल



ग्राम बटुराकछार के पास भी सड़क की बदहाली के कारण हादसे की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, कवर्धा निवासी रामनगर के अंश जायसवाल शुक्रवार को दोपहर करीब 12.30 बजे रवेली की ओर से पल्सर बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बंधी गाय के पास जा गिरी, जिससे युवक घायल हो गया। घटना के बाद सड़क की स्थिति को लेकर फिर सवाल उठने लगे हैं।